**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 05.04.2019**

**PUNJAB KESARI**

# 'रूझाव व उन्नति' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

## इंजीनियरिंग में अंतः विषय अनुसंधान को बढ़ावा देना होगाः कुलपति प्रो. दिनेश कुमार



*सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

फरीदाबाद, 4 अप्रैल (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'मैकेनिकल इंजीनियरिंग में रूझाव व उन्नति' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज प्रारंभ हो गया। सम्मेलन का आयोजन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में किया गया है।

सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से 145 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। सम्मेलन का शुभारंभ आज दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके उपरांत कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने अध्यक्षीय संबोधन दिया। इस अवसर पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन में वैज्ञानिक व अतिरिक्त निदेशक डॉ. कुमरेश कुमार गौड मुख्य अतिथि व प्रमुख वक्ता रहे। उद्घाटन सत्र में बोनी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद के प्रबंध निदेशक तथा विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्र राज भाटिया वशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सम्मेलन का आयोजन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज व डीन इंस्टीट्यूशन्स डॉ. संदीप ग्रोवर की देखरेख में किया जा रहा है, जिसका संयोजन डॉ. वासुदेव मल्होत्रा, डॉ. राजीव साहा तथा डॉ. संजीव कुमार द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इंजीनियरिंग के विभिन्न क्षेत्रों में अंतः विषय अनुसंधान के दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्राचीन इंजीनियरिंग की अद्वितीय कृति के रूप में ताजमहल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को अभिनव दृष्टिकोण अपनाना होगा तथा अंतः विषय अनुसंधान की सोच के साथ देश के विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. कुमरेश कुमार गौड ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन में प्रयोग होने वाले उन्नत कम्पोजिट व हाइब्रिड सामग्री तथा इसके उपयोग की जानकारी दी। अपने संबोधन में राज भाटिया ने प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव साझे किये और कहा कि नई प्रौद्योगिकीय उन्नति ने विनिर्माण उद्योग की कार्य प्रणाली को बिल्कुल बदल दिया है। इस अवसर पर सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। कुलपति तथा अन्य अधिकारियों द्वारा सम्मेलन में उपस्थित अतिथि एवं गणमान्य व्यक्तियों को पौधा व स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Fri, 05 April 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/38254752

**NEWS CLIPPING: 05.04.2019**

**HINDUSTAN**

# बौद्धिक वर्ग अपनी जिम्मेदारी से भटका

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

पंचनद शोध संस्थान के सहयोग से गुरुवार को वाईएमसीए विश्वविद्यालय में 'राष्ट्र निर्माण में बौद्धिक वर्ग एवं मीडिया की भूमिका पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार उमेश उपाध्याय मौजूद थे। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

वक्ताओं का कहना था कि बौद्धिक वर्ग एवं मीडिया राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी से भटक चुके हैं। विदेशी मीडिया जैसे फेसबुक, ट्विटर हमारे समाज के हर वर्ग खासतौर पर युवा वर्ग को अपनी गिरफ्त में आ गए हैं। वहीं, पंचनद शोध संस्थान के निदेशक एवं हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. बृजकिशोर कुठियाला ने कहा कि मीडिया एवं बोधिक वर्ग एक ही सिक्के के दो पहलू है। इस दौरान फरीदाबाद अध्ययन केंद्र के दो नए कार्यकर्ता के नाम एवं जिम्मेदारी की घोषणा भी की गई। उन्होंने डॉ.आशुतोष निगम को संयोजक एवं डॉ सुभाष गोयल को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी है। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय सेमीनार में 145 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए की स्वर्ण जयंती पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रति छात्रों का 'रूझाव और उन्नति' पैदा करना था। इसमें विभिन्न राज्यों से करीब 145 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्यवक्ता के रूप में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन में वैज्ञानिक और अतिरिक्त निदेशक डॉ. कुमरेश कुमार गौड़ मौजूद रहे। इसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर बोनी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (पूर्व छात्र) राज भाटिया वशिष्ट मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 05.04.2019**

## NAVBHARAT TIMES

# सम्मेलन शुरू

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के मिकैनिकल इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की गुरुवार से शुरुआत हुई। मिकैनिकल इंजीनियरिंग में रुझान व उन्नति विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में देश भर से 145 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर वैज्ञानिक डॉ. कुमरेश कुमार, कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार, राज भाटिया, डॉ. संदीप ग्रोवर, डॉ. वासुदेव मल्होत्रा, डॉ. राजीव साहा, डॉ. संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 05.04.2019**

**DAINIK BHASKAR**

## इंजीनियरिंग में रुझान व उन्नति विषय पर सम्मेलन

# युवा इंजीनियर्स बदलती तकनीक एवं उन्नति के प्रति जागरूक रहें : प्रो. दिनेश

### दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में 145 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'मैकेनिकल इंजीनियरिंग में रुझान व उन्नति' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन गुरुवार से शुरू हुआ। इसमें विभिन्न राज्यों के 145 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। इस दौरान रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन में वैज्ञानिक व अतिरिक्त निदेशक डॉ. कुमरेश कुमार गौड़ मुख्य वक्ता थे, जबकि सम्मेलन की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

गौड़ ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन में प्रयोग होने वाले उन्नत कंपोजिट व हाइब्रिड सामग्री तथा इसके उपयोग की जानकारी दी। पूर्व छात्र राज भाटिया ने प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि नई प्रौद्योगिकीय उन्नति ने विनिर्माण उद्योग की कार्य प्रणाली को बिल्कुल बदल दिया है। उन्होंने युवा इंजीनियर्स को बदलती तकनीक एवं उन्नति के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा। डीन इंस्टीट्यूशंस डॉ. संदीप ग्रोवर ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज ने प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान विभिन्न सात तकनीकी सत्रों में सम्मेलन के चार प्रमुख विषयों पर कुल 89 शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इस मौके पर सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। कुलपति तथा अन्य अधिकारियों की ओर से सम्मेलन में उपस्थित अतिथियों को पौधा व स्मृति चिह्न भेंट किया गया। सम्मेलन का आयोजन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज व डीन इंस्टीट्यूशंस डॉ. संदीप ग्रोवर की देखरेख में किया जा रहा है। इसका संयोजन डॉ. वासुदेव मल्होत्रा, डॉ. राजीव साहा तथा डॉ. संजीव कुमार ने किया है।

### इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स अभिनव दृष्टिकोण अपनाएं

इस दौरान कुलपति ने इंजीनियरिंग के विभिन्न क्षेत्रों में अंतः विषय अनुसंधान के दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स को अभिनव दृष्टिकोण अपनाना होगा तथा अंतः विषय अनुसंधान की सोच के साथ देश के विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। कुलपति ने युवा इंजीनियर्स को इंजीनियरिंग के प्रत्येक क्षेत्र में नवीन खोजों के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा।



सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।